प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 07.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राज्य में कड़ाके की ठण्ड के दौर को देखते हुए 25 जिलों में 8वीं कक्षा तक के स्कूलों में 10 जनवरी तक विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। वहीं कुछ जिलों में विद्यालय समय में बदलाव किया गया है। इस बीच समूचे प्रदेश में आज भी कड़ाके की ठण्ड और घने कोहरे का प्रकोप है। कोहरे से सड़क रेल और हवाई यातायात पर प्रभाव पड रहा है। जयपुर एयरपोर्ट से चलने वाली 8 उडाने आज कोहरे के कारण देरी से रवाना हुई। वहीं घटती विजिबिलिटी के कारण सुबह शाम सड़क यातायात की गति भी काफी धीमी है। इस बीच मौसम विभाग ने आज 18 जिलो में कोहरे और शीतलहर को लेकर ऑरेंज तथा येलो अलर्ट बताया है। अगले दो तीन दिनों तक प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर बने रहने की संभावना है।

00000

राजस्थान युवा और खेल महोत्सव 2026 का आयोजन आज से जयपुर में किया जा रहा है। ये राज्यस्तरीय महोत्सव 12 जनवरी तक एसएमएस स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। विकसित भारत–विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी के लिए ये महोत्सव रखा गया है। इसके माध्यम से युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में मंच प्रदान किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसके साथ ही युवाओं के लिए कैरियर काउंसलिग और रोजगार मार्गदर्शन के सत्र भी होंगे। युवा मामले और खेल मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड इसका उद्घाटन करेंगे। सभी संभागों और जिलों में भी युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

00000

उदयपुर में कल से सहकारिता मंत्रालय की जोनल रिव्यू कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। इसमें सहकारिता के क्षेत्र में केन्द्र सरकार और राज्यों की ओर से चलाई जा रही विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। सहकारिता विभाग की शासन सचिव और रजिस्ट्रार श्रीमती आनंदी ने बताया कि दो दिन की इस कॉन्फ्रेंस में देश के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सहकारिता विभाग के सचिव और रजिस्ट्रार शामिल होंगे। इस दौरान सहकार सारथी, आधार सीडिंग, डिजिटल भुगतान और डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर चर्चा की जायेगी।

00000

सरहदी जिले जैसलमेर में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के मकसद से किशोर स्वास्थ्य दिवसों का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जनवरी महीने में 258 किशोर स्वास्थ्य दिवस रखे गये है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन दिवसों में किशोर किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

......

00000

भीलवाडा जिले में एक कपडा फैक्ट्री में वॉयलर क्षेत्र में काम कर रहे दो श्रमिक आज मृत अवस्था में मिले। ये घटना मांडल क्षेत्र में राजसिंहपुरा के पास फैक्ट्री में हुई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पंहुचकर मौत के कारणों की जांच कर रहे हैं।

00000

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्री अविनाश गहलोत ने कल जयपुर में ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक ली। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय समाज का अभिन्न हिस्सा रहा है। सरकार की ये मंशा है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के समान अवसर मिले। उन तक स्वास्थ्य सेवाओं, आवास और सामाजिक सुरक्षा की बेहतर पंहुच हो। बैठक में ट्रांसजेण्डर समुदाय की समस्याओं का अध्ययन कर निराकरण करने के लिए नीति निर्धारित करने और नई योजनाओं के निर्माण पर भी चर्चा की गई।

0000

राजीविका और अजमेर के तिलोनीया के बेयरफुट कॉलेज के बीच कल एमओयू किया गया। ये एमओयू सोलर दीदी प्रशिक्षण और आजीविका सशक्तिकरण के लिए किया गया है। राजीविका की राज्य मिशन निदेशक नेहा गिरी और बेयरफुट कॉलेज की निदेशक तथा सीईओ सोम्या किदाम्बी ने इस पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते से ग्रामीण क्षेत्र

की महिलाओं को समुदाय स्तरीय सौर मरम्मत तकनिशियन के रूप में ट्रेनिंग दी जायेगी। इसके साथ ही महिलाओं के लिए स्वच्छ ऊर्जा आधारित आजीविका के अवसरों को भी मजबूत किया जायेगा।

0000